सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-418**
30/09/2016

उरी आतंकी हमले में घायल नायक राज किशोर सिंह की इलाज के दौरान मृत्यु होने पर मुख्यमंत्री ने गहरा दुख व्यक्त किया एवं उनके आश्रितों को राज्य सरकार की तरफ से 11 लाख रूपये देने की घोषणा की

पटना, 30 सितम्बर 2016 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने जम्मू कश्मीर के उरी आतंकी हमले में घायल बिहार के रहने वाले बिहार रेजिमेंट के नायक राज किशोर सिंह के दिल्ली में इलाज के दौरान मृत्यु होने पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने शहीद नायक राज किशोर सिंह के निकटतम आश्रितों को राज्य सरकार की तरफ से 11 लाख रूपये देने की घोषणा की।

शहीद नायक राज किशोर सिंह का अंतिम संस्कार भोजपुर जिला प्रशासन द्वारा पुलिस सम्मान के साथ किया जायेगा। इस अवसर पर राज्य सरकार की तरफ से राज्य सरकार के मंत्री भी उपस्थित रहेंगे।

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने शहीद हुये नायक राज किशोर सिंह की शहादत पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुये कहा कि वे सच्चे देशभक्त थे और उनकी शहादत को भारतवर्ष कभी नहीं भूल पायेगा। उनके शहादत को हमेशा याद रखा जायेगा। मुख्यमंत्री ने वीर सपूत नायक राज किशोर सिंह की शहादत पर उनके परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। उन्होंने कहा है कि पूरा बिहार शहीद के परिवार के साथ है।

****